NATIONAL RURAL HEALTH MISSION

# राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन

# जिला स्वास्थ्य समिति झाँसी

## जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक

दिनाँक: 18–04–2013

सायंकाल: 4.30 बजे

स्थान–गाँधी सभागार कलैक्ट्रैट, झाँसी

## जनपद–झाँसी(उ0प्र0)

संयोजक
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
जिला स्वास्थ्य समिति
झाँसी

(डा० विनोद यादव)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
झाँसी ।

# जिला स्वास्थ्य समिति झाँसी की बैठक दिनांक 18.04.2013 की कार्यवृत्त

दिनांक 18–04–2013 को सायंकाल 4–30 बजे गॉधी सभागार कलैक्ट्रैट झाँसी में जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति झाँसी श्री तनवीर जफर अली आई0ए0एस0 की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के निम्नलिखित सदस्य एवं विभागीय अधिकारी/नोडल अधिकारी उपस्थिति रहें।

| क्र.सं. | समिति के सदस्यों/अधिकारियों के नाम | पद नाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री तनवीर जफर अली | जिलाधिकारी |
| 2 | डॉ0 विनोद कुमार यादव | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| 3 | डॉ0 गोविन्द सहाय | प्रमुख अधीक्षक, जिला चिकित्सालय |
| 4 | डा0आर0आर0सिह | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, झाँसी। |
| 5 | डॉ0 आर0एस0 वर्मा | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, झाँसी।/नोडल अधिकारी |
| 6 | डा0 ए0के0 त्रिपाठी | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, झाँसी। |
| 7 | डा0रजनी जसारिया | प्रभारी अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय झाँसी |
| 8 | डा0 बी0एम0 खैर | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| 9 | डा0जी0आर0रमन | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, झाँसी। |
| 10 | डा0डी0के0गर्ग | जिला क्षयरोग अधिकारी झाँसी । |
| 11 | डा0सुधीर कुलश्रेष्ठ | जिला कुष्ठ अधिकारी झाँसी । |
| 12 | डा0महेन्द्र कुमार | उप जिला कुष्ठ अधिकारी झाँसी । |
| 13 | डॉ0 एन0के0 जैन | उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी झाँसी। |
| 14 | डॉ0 एम0के0 जैन | उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी झाँसी। |
| 15 | डॉ0 एस0के0 खत्री | उप जिला क्षय रोग अधिकारी |
| 16 | श्री के0के0 सिह | डी0पी0आर0ओ0झासी । |
| 17 | श्रीमती सुषमा गम्भीर | प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई.सी.डी.एस. |
| 18 | श्री आर0के0 गुप्ता | जिला मलेरिया अधिकारी |
| 19 | श्री ऋषि राज | डी0सी0एम0एन0आर0एच0एम0 |
| 20 | डॉ0 अनुराधा राजपूत | इपीडेमोलोजिस्ट, आई0डी0एस0पी0 |
| 21 | श्री देवेन्द्र कुमार निरजन | सी0डी0पी0ओ0गुरूसरायं |
| 22 | डा0डी0एस0सचार | जिला होम्योपैथी अधिकारी झाँसी । |
| 23 | श्रीमती ऊर्मिल भोमिक | सी0डी0पी0ओ0मोठ |
| 24 | श्री दीपू चौहान | सी0डी0पी0ओ0बंगरा |
| 25 | समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी | बड़ागांव, चिरगांव, मोठ, बामौर, बंगरा, बबीना एवं मऊरानीपुर |
| 26 | श्री संजय राय | परियोजना समनवयक, मंथन परियोजना |
| 27 | श्री राज ब्रजेन्द्र सिंह | ए0आर0ओ0 |
| 28 | श्री लाखन सिंह | ए0आर0ओ0 |
| 29 | श्री आर0पी0राजपूत | वरिष्ठ लिपिक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| 30 | श्री आमोद दीक्षित | एल0डी0सी0, एन0आर0एच0एम0 |
| 31 | श्री आर0बी0 सिंह | ए0आर0ओ0 |
| 32 | श्री हरि सेवक | ए0आर0ओ0 |
| 33 | श्री आर0के0 बुधौलिया | ए0आर0ओ0 |
| 34 | श्री बी0के0 मोर्या | एन0एम0ए0 (कुष्ठ) |
| 35 | श्री राकेश मोहन मोर्या | ए0आर0ओ0 |
| 36 | श्रीमती ऊषा रिछारिया | सी0डी0पी0ओ0बबीना |
| 37 | श्री आर0के0सिहं | प्रतिनिधि डी0आई0ओ0एस0 |
| 38 | श्री जावेद अली | एस0टी0एस0 |
| 39 | डा0चन्द्र प्रकाश वाजपेई | क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एव यूनानी अधिकारी झाँसी । |
| 40 | श्री रूपेश नामदेव | एस0टी0एल0एस0टी0वी0 |

बैठक में सर्वप्रथम मुंख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विनोद कुमार यादव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यो अधिकारियो का स्वागत किया गया तत पश्चात एजेण्डा बिन्दु–2 के अनुसार दिनांक : 11.02.2013 को आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में लिये गये निर्णय की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई।

3. वित्तीय वर्ष 2012–13 के व्यय विवरण का अनुमोदन – (माह मार्च 2013 तक)

| S. No | Components D.H.S. | Opening Balance 1/4/2012 | Fund Recvd. during year 12-13 | Total Fund Available 12-13 | Total Exps. upto Jan. 2013 | Balance |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RCH- Flexipool Part -A | 26729843 | 118631942 | 145361785 | 73444246 | 71917539 |
| 2 | Mission Flexipool Part -B | 11681621 | 102504291 | 114185912 | 39016066 | 75169846 |
| 3 | Immunisation Part -C | 1087027 | 11260851 | 12347878 | 8779208 | 3568670 |
| 4 | PULSE POLIO Part-C1 | 421318 | 15195884 | 15617202 | 12721492 | 2895710 |
| 5 | IDSP | 20239 | 903761 | 924000 | 809025 | 114975 |
| 6 | NVBDCP | 693738 | 473900 | 1167638 | 320651 | 846987 |
| 7 | NLEP | 392233.1 | 0 | 392233.1 | 386923 | 5310.1 |
| 8 | NPCB | 552935 | 2136654 | 2689589 | 2675462 | 14127 |
| 9 | RNTCP | 1978784 | 7354130 | 9332914 | 7856110 | 1476804 |
| 10 | District Health Society | 424829 | 0 | 424829 | 0 | 424829 |
| 11 | NPCDCS | 0 | 25564066 | 25564066 | 0 | 25564066 |
| 12 | NPHCE | 0 | 18966823 | 18966823 | 374729 | 18592094 |
| | **Total** | **43982567** | **302992302** | **346974869.1** | **146383912** | **200590957.1** |

अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2012–13 के उपरोक्त प्रस्तुत व्यय का अनुमोदन एवं अवशेष / कमिटेड धनराशि को नियमानुसार व्यय करने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

4. जिला महिला चिकित्सालय, मे एक माह के अन्दर प्रत्येक दशा में जे0एस0वाई0 ऑनलाइन फीडिंग के निर्देश दिये गये।

5. समिति को अवगत कराया गया कि मिशन निदेशक राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0 / नियोजन / 29 / 2012–13 / 3441 दिनाक 8–3–2013 के व्दारा निर्देश प्राप्त हुये है कि एन0आर0एच0एम0के अर्न्तगत वर्ष 2012–13 मे संचालित कतिपय गतिविधियो को वर्ष 2013–14 मे अनवरत संचालित किया जाना है । भारत सरकार व्दारा कतिपय गतिविधियो का निम्नानुसार चिन्हित किया गया है यथा जननी सुरक्षा योजना / जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम / एम0सी0एच0विंग / एस0एन0सी0यू0 / एन0वी0एस0यू0 / एन0वी0सी0सी0 / यूनिटो को कियशील हेतु की जा रही कार्यवाही प्रशिक्षण गतिविधिया / वाल स्वास्थ्य गारण्टी योजना / किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम / क्वालटी इन्सोरेन्स सम्बन्धित गतिविधिया / एम0एम0यू0 / रेफरल ट्रान्सपोर्ट एवं नि शुल्क औषधियो की व्यवस्था आदि साथ ही एन0आर0एच0एम0कार्यकम के अर्न्तगत समस्त संविदा चिकित्सक व विभिन्न वर्ग के कर्मी भी वर्ष 2013–2014 की स्वीकृतिया प्राप्त होने तक पूर्व निर्धारित शर्तो के अनुसा कार्य करते रहेगे । साथ ही वर्ष 2013–14 की राज्य कार्ययोजना की स्वीकृति की अपेक्षा मे आवश्यक उपकरण एवं औषधियो का कय एवं निर्माण कार्यो के लिए टेण्डर प्रकिया प्रारम्भ कर दी जाये परन्तु वास्तविक कार्य आदेश / आपूर्ति की कार्यवाही भारत सरकार से स्वीकृतिया प्राप्त होने के उपरान्त ही व जाये । समिति व्दारा कालम नं 7 में दिनांक 1.4.2013 को अवशेष धनराशि में से उपरोक्तानुसा सुसंगत मदों में नियमानुसार व्यय किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

6. उपरोक्त मिशन निदेशक राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ के उपरोक्त पत्र के कम में डी0पी0एम0यू0 में उपलब्ध अवशेष धनराशि में से कमिटेड लायबिलिटी, जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर, ऑफिर्स असिस्टेंट का मासिक वेतन, डी0पी0एम0यू0 ऑफिस का टेलीफोन एवं विद्युत बिल, ऑफिस किराया, वाहन किराया एवं अन्य मदों में उपलब्ध धनराशि को वर्ष 2012–13 में स्वीकृत मदों के अनुसार अग्रिम निर्देशों के प्राप्त होने तक नियमानुसार व्यय किये जाने का प्रस्ताव समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया जिसे समिति व्दारा अनुमोदित किया गया ।

7. समिति के समक्ष वर्ष 2012–13 मे संचालित गतिविधियो की भौतिक प्रगति प्रस्तुत की गई अध्यक्ष महोदय व्दारा वर्ष 2013–14 मे तदानुसार शतप्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति के निर्देश दिये गये ।साथ ही मातृ मृत्यु आडिट की रिर्पोट प्राप्त होने पर तत्काल सुसंगत कार्यवाही के निर्देश दिये गये ।

8. जिला **आशा मेन्टोरिंग ग्रुप के अर्न्तगत आशा योजना की समीक्षा–**

- समिति को अवगत कराया गया कि वर्तमान मे जनपद मे कुल 1230 आशाऐ कार्य कर रही है जिनमे से नवीन चयनित आशाओ को प्रशिक्षण हेतु प्रस्ताव पी.आई.पी.13–14 मे प्रस्तावित किया गया है । 1 अक्टूबर 2012 से जनपद मे होम वेस्ड न्यूबोर्न केयर कार्यकम प्रारम्भ किया गया है जिसके अर्न्तगत आशाओ को प्रत्येक प्रसव के उपरान्त 6 से 7 होम विजिट करनी है, जिसमे माता एवं नवजात शिशु की जॉच ,प्राथमिक उपचार ,परामर्श,जन्म मृत्यु पंजीकरण एवं आवश्यकता होने पर सन्दर्भन किया जायेगा ।1072 आशाओ को उक्त सम्बन्ध मे समेकित बाल संरक्षण कार्यकम के अर्न्तगत 10 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ष 2008–09 एवं 2009–10 मे दिया गया था पुन समेकित बाल संरक्षण कार्यकम के अर्न्तगत प्रशिक्षित आशाओ को 10 दिवसीय Skill that Save lives प्रशिक्षण 5 विकास खण्डो वंगरा,बडागाव,चिरगाव,बबीना एवं मोठ मे दिया जा रहा है इसके अर्न्तगत प्रसव पूर्व,प्रसव के समय एव प्रसव उपरान्त सावधानी ,जटिलताओ एवं नवजात शिशु की देख–भाल के सन्दर्म मे आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है । शेष 3 विकास खण्डो से भी एक चिकित्साधिकारी एवं एक स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी व्दारा इलाहावाद प्रशिक्षण प्राप्त किया जा चुका है,माह जुलाई के अन्त तक समस्त समेकित बाल संरक्षण कार्यकम के अर्न्तगत प्रशिक्षित आशाओ को प्रशिक्षण प्रदान कर दिया जायेगा ।10 दिवसीय Skill that Save lives प्रशिक्षण प्राप्त आशाओ को एक एच0वी0एन0सी0किट प्रदान की जायेगी जिसके सन्दर्म मे टेण्डर उपरान्त कय हेतु आदेश निर्गत किये जा चुके है इसके अतिरिक्त प्रत्येक आशा को आशा ड्रग किट भी दी जानी है इसके कय हेतु भी आदेश निर्गत किये जा चुके है ।अध्यक्ष महोदय व्दारा निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षण गुणवत्ता पूर्वक संचालित किया जाये एवं एच0वी0एन0सी0किट प्राप्त होने पर समस्त आशाओ को उपलब्ध करा दी जाये साथ ही आशाओ की होम विजिट पर विशेष ध्यान देते हुये रिपोर्ट प्राप्त की जाये तदानुसार सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी विशेष ध्यान देते हुये कार्यवाही करे ।
- समिति को अवगत कराया गया वर्ष 12–13 मे स्वीकृत आशाओ हेतु एक छाता एवं पहचान पत्र का कय किये जा चुंके है एवं निर्देशानुसार सम्बन्धित विकास खण्डो व्दारा वितरण किया जा रहा है ।समिति व्दारा सन्तोष व्यक्त किया गया ।
- समिति को अवगत कराया गया कि प्रत्येक विकास खण्ड मे 18 से 22 आशाओ पर एक आशा संगनी का चयन दिनाक 11 फरवरी 2013 की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मे प्राप्त निर्देशो के अनुसार कुल 64 आशा संगनी का चयन किया जा चुका है। जिनको प्रशिक्षण देने हेतु तीन एन0जी0ओ0प्रशिक्षको व्दारा 5 दिवसीय टी0ओ0टी0 लखनऊ मे प्राप्त किया जा चुका है , प्रशिक्षण हेतु धनराशि जिला स्तर पर प्राप्त हो चुकी है । समिति के समक्ष समस्त आशा संगनी को प्रशिक्षण दिये जाने का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया । अध्यक्ष महोदय व्दारा निर्देशित किया गया कि प्राप्त धनराशि से अग्रिम माह तक समस्त आशा संगनी को प्रशिक्षण प्रदान किया जाये ।

**जिला ई–मिशन टीम (एम0सी0टी0एस0 समीक्षा)–** समिति को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2012–13 से मदर एवं चाइल्ड ट्रैकिंग का कार्य माह जून 2012 से ब्लाक डाटा कम एकाउण्ट असिस्टेन्ट का अनुबन्ध नवीनीकरण के उपरान्त सम्बन्धित स्वास्थ्य इकाई द्वारा ऑनलाइन किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त मैसर्स रामसरन साहू के माध्यम से नियुक्त एम.सी.टी.एस. ऑपरेटर की नियुक्ति समस्त विकास

खण्ड में कर दी गयी है। जिसके उपरान्त दिनांक 31.03.2013 तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई समिति को अवगत कराया गया कि उ0प्र0मे मदर ट्रेकिग मे जनपद 10 वे एवं चाइल्ड ट्रेकिग मे 13 वे स्थान पर है जबकि मदर ट्रेकिग मे ललितपुर 12 वे एवं जालौन 22 वे स्थान पर तथा चाइल्ड ट्रेकिग मे ललितपुर 18वे एवं जालौन 31 वे स्थान पर है । समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि रिक्त दिवसों पर विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित कर ए0एन0सी0 की संख्या बढाई जाये एवं रोस्टर बनाकर गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं की शतप्रतिशत ट्रेकिंग की जाये। अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी साप्ताहिक मीटिंगों में उपकेन्द एवं ग्रामवार टीकाकरण कार्यक्रम के सापेक्ष एम0सी0टी0एस0 की स्वयं समीक्षा करें, तथा बी0डी0ए0ए0 एवं एम0सी0टी0एस0 ऑपरेटर का समय निर्धारण कर प्रत्येक दशा मे शतप्रतिशत ट्रेकिंग पूर्ण करवायें।

9. समिति को फैसिलिटी बेस्ड एच0एम0आई0एस0 के विषय में डी0सी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक विकास खण्ड के ए0आर0ओ0 एवं बी0डी0ए0ए0 को जनपद स्तर पर दो बार प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिस पर कार्य अत्यन्त धीमी गति से चल रहा है। एवं विकास खण्ड बंगरा में कोई प्रगति नहीं है। समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह फैसिलिटी बेस्ड एच0एम0आई0एस0 ऑनलाइन किया जाये। तथा स्वय अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तथा सम्बन्धित नवीन प्रा0स्वा0केन्द्रो के प्रभारी चिकित्साधिकारी प्रत्येक माह की एच0एम0आई0एस0 रिपोर्ट का गम्भीरता पूर्वक अवलोकन उपरान्त ऑनलाइन करे ।किसी भी त्रुटि की दशा मे सम्बन्धित अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तथा सम्बन्धित नवीन प्रा0स्वा0केन्द्रो के प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ ए0आर0ओ0 को जिम्मेवार बनाते हुये कार्यवाही की जाये ।

10. समिति को अवगत कराया गया कि जनपद में एस0बी0ए0 सी0सी0एस0पी0 फिजीशियन प्रशिक्षण एवं नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम प्रशिक्षण/इक्युपमेन्ट प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न किया जा चुका है।समिति द्वारा सन्तोष व्यक्त किया गया।

11. संविदा अधिकारियों/कर्मचारियों का संविदा पर चयन हेतु अनुमोदन :— समिति को अवगत कराया गया कि आर0सी0एच0 कार्यक्रम के अर्न्तगत 69 ए0एन0एम0,02 ए0एफ0एच0एस0 काउंसलर, 02 लैब टैक्नीशियन, 02 एक्सरे टैक्नीशियन ,आर्शीवाद बाल स्वास्थ्य गारंटी योजना के अर्न्तगत 01 बी0डी0एस0 चिकित्सक,07 परा चिकित्सक,03 स्टाफ नर्स, अरबन हैल्थ पोस्ट के अर्न्तगत 03 स्वीपर कम चौकीदार , ड्रगवेयर हाउस के अर्न्तगत 01 चौकीदार , एन0पी0सी0डी0एस0/एन0पी0एच0सी0ई0 के अर्न्तगत 05 चिकित्सा अधिकारी,01 फाइनेन्स कम लॉजिस्टिक आफीसर, 01 प्रोग्राम असिसटैंट,01साइटोपैथलाजी टैक्नीशियन,02 फिजियोथिरेपिस्ट, 01 केअर कोआर्डिनेटर,07 काउसंलर,02 हास्पिटल अटैण्डेंट,02 सेनेटरी अटैण्डेंट,18 स्टाफ नर्स,07 डाटा इन्ट्री आपरेटर, की नियुक्ति की जा चुकी है । शेष पदो 01 डी0पी0ओ0,01 चिकित्सा अधिकारी ,01साइटोपैथलाजिस्ट,06 रिहैब्टिशन वर्कर,02 कनसलटैंट मेडिसिन 01 मेडिकल आनकालॉजिस्ट,04 स्टाफनर्स,01 डाटा इनट्री आपरेटर,75 ए0एन0एम0, अरबन हैल्थ पोस्ट के अर्न्तगत 01 महिला चिकित्सक हेतु आवेदन प्राप्त न होने के कारण चयन नहीं किया जा सके । 03 विशेषज्ञ चिकित्सक 01 बी0डी0ए0ए0 के पदों हेतु चयन किया जाना है ।इसके अतिरिक्त सेवा प्रदाता संस्था द्वारा 08वी0पी0एम0 हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी थी परन्तु 02 निविदायें प्राप्त होने के कारण निविदायें निरस्त करदी गयी थी । समिति के समक्ष चयनित किये गये अधिकारियों/कर्मचारियों के अनुमोदन तथा शेष रिक्त पदों पर चयन हेतु प्रस्ताव एवं वी0पी0एम0 के पदों हेतु सेवा प्रदाता संस्थाओं से पुनः निविदायें आमंत्रित किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिसका समिति व्दारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

12. समिति को अवगत कराया गया कि बाल स्वास्थ्य गारंटी योजना के अर्न्तगत चयनित 02 पराचिकित्सक श्री अमित कुमार गोस्वामी, सूर्यप्रकाश ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया तथा 01 पराचिकित्सक श्री प्रदीप कुमार योगदान करने के उपरान्त डयूटी से अनुपस्थित चल रहा है एवं एन0पी0एच0सी0 योजना के केअर कोआर्डिनेटर श्री अभिषेक मिश्रा ने त्याग पत्र दे दिया है के स्थान पर प्रतीक्षा सूची से पराचिकित्सक पद पर श्री गोविन्द नारायण श्रीवास्तव,श्री रघुवीर,अभय कुमार सोनी एवं केअर कोआर्डिनेटर के पद पर

प्रतीक्षा सूची से श्री आरिफखान को कार्यभार ग्रहण कराने का प्रस्ताव समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया जिसका समिति व्दारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

13. आशा 6 **मॉड्यूल प्रशिक्षण, आशा संगिनी प्रशिक्षण एवं सी0सी0एस0पी0 फिजीशियन प्रशिक्षण हेतु अनुमोदनः**– समिति को अवगत कराया गया कि एन0आर0एच0एम0के अर्न्तगत वर्तमान में संचालित आशा 6 मॉड्यूल प्रशिक्षण तथा आशा संगिनी प्रशिक्षण एवं सी0सी0एस0पी0 फिजीशियन प्रशिक्षण हेतु धनराशि जिला स्तर पर प्राप्त है। समिति के समक्ष उक्त प्रशिक्षणों के नियमानुसार आयोजन हेतु प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया जिसका समिति व्दारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

14. मेडिकल वायो वेस्ट मैनेजमेंट एवं आउट सोसिंग ऑफ क्लीनिंग ,स्वीपिंग एण्ड लाउन्ड्री हेतु वित्तीय वर्ष 2013–14 के लिये निविदायें आमंत्रित किये जाने हेतु प्रस्ताव का समिति व्दारा अनुमोदन किया गया।

15. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई हेतु अनुमन्य बजट प्रावधानों के अनुरूप माह मार्च 2013 तक का व्यय विवरण एवं मैसर्स युवराज ट्रेवल्स का भुगतान, डिजिटल कैमरा का क्रय, टेलीफोन बिल एवं बिजली बिल कुल धनराशि रू0 52800/– कमिटेड लायविल्टी का नियमानुसार व्यय हेतु प्रस्ताव समिति के समक्ष निम्नानुसार अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया।

| मद का नाम | 01 अप्रैल,2012 से मार्च 2013 तक व्यय धनराशि |
|---|---|
| स्टाफ मानदेय | 386760 |
| कार्यालयी व्यय (विद्युत,टेलीफोन,वाहन किराया, मकान किराया व विविध व्यय आदि) | 537167 |
| कुल योग | 923927 |

समिति व्दारा उपरोक्तानुसार व्यय का अनुमोदन एवं कमिटेड लायविल्टी का नियमानुसार व्यय एव मिशन निदेशक राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/नियोजन /29/2012–13/3441 दिनाक 8–3–2013 के व्दारा प्राप्त निर्देशो के अनुसार वित्तीय वर्ष 2012–13के दिशा निर्देशो के अनुसार अवशेष धनराशि को नियमानुसार व्यय किये जाने का अनुमोदन किया गया ।

16. समिति को अवगत कराया गया कि जननी सुरक्षा कार्यक्रम को वित्तीय वर्ष 2013–14 में अनवरत चलाया जाना है। अतः सम्बन्धित इकाईयों को लाभार्थियों के वितरण हेतु धनराशि अग्रिम के रूप में दी जानी है। आर0सी0एच0 फ्लेक्सीपूल पार्ट–ए के खाते में दिनांक : 01.04.2013 को 71917539/– की धनराशि अवशेष है। जिसमें से सम्बन्धित इकाईयों को रू0 10200000/– की धनराशि वितरित की जानी है इसके अतिरिक्त मिलेट्री चिकित्सालय व्दारा वर्ष 2013–14 से जननी सुरक्षा योजना संचालन हेतु प्रस्ताव मुख्य चिकित्साधिकारी को प्रस्तुत किया गया है ।समिति व्दारा उपरोक्तानुसार धनराशि हस्तान्तरण की अनुमति प्रदान की गई एवं निर्देशित किया गया कि मिलेट्री चिकित्सालय को शासन व्दारा प्राप्त दिशा निर्देश उपलब्ध कराने के साथ साथ संचालन हेतु रू0 50000/–मात्र उनके खाते मे हस्तान्तरित कर दिये जाये ।

17. **राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2012–13 में प्राप्त धनराशियों का व्यय एवं अन्य गतिविधियों हेतु अनुमोदन** :– जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 11.2.2013 के उपरान्त एवं दिनांक 31.03.2013 तक शासन स्तर से विभिन्न मदों में प्राप्त धनराशि का वर्ष 2012–13 में किये गये व्यय कार्योत्तर एवं अवशेष मदो की वर्ष 2013–14 मे कार्यक्रम संचालन हेतु मदवार व्यय हेतु प्रस्ताव नियमानुसार अनुमोदन हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

| S.N0. | Activity Name | Fund received for year 12-13 |
|---|---|---|
| A.5 | Urban RCH | 664650 |
| A.8.1.7 | Cold Chain Handler | 198000 |
| A.1.4 | Janani Suraksha Yojna | 5455000 |
| A.8.1.7 | Salary of Nutritionist | 135000 |

| | | |
|---|---|---|
| A.8.1.3 | Speclist Doctor Salary | 144000 |
| A.9.5.5.2 | CCSP Physician Training | 842600 |
| A.8.1.9.7 | Data Entry Operetor Salary | 88000 |
| A4.1 | AFHS Clinic | 310000 |
| | **Total Rs.** | 7837250 |
| B.9.1 &9.2 | Salary of AYUSH Dr and Pharmacist | 1524000 |
| B.1.1.5 | ASHA Faciletetor Training | 142530 |
| B.16.1.5 | Purchase of Generator 25KV | 2794725 |
| B.4.1.5 | Out Sourcing, cleaning,upkeeping & laundry services | 790000 |
| B.4.1.5 | Out Sourcing, cleaning,upkeeping & laundry services | 544000 |
| B.6.2.5 | AMC-X-ray, MRI etc Machine for DH/DWH | 2686600 |
| B.16.2.5 | Urban RCH | 117000 |
| B.8.2 | VHSNC Training | 721650 |
| B.12.1 | Driver salary and Ambulance Maintenance | 651820 |
| B.10.2.3 | Sub Center Rent | 30000 |
| B.16.2.2 | Procurement of ORS & zinc Tab | 1198986 |
| B.10.2.3 | IEC/BCC & Mass Media | 60000 |
| B.10.2.1 | Safe Motherhood Day | 10000 |
| | **Total Rs.** | 11271311 |
| C | Routine immunization | 1154250 |
| C-1 | Pulse polio (24 Feb & 7 April 2013) | 4403732 |
| L-1 | NPCDCS | 25564066 |
| L-2 | NPHCE | 18592094 |
| | **Grand Total Rs.** | 68822703 |

समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2012–13 के उपरोक्त प्रस्तुत व्यय का अनुमोदन एवं अवशेष धनराशि को नियमानुसार व्यय हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी।

18. राष्ट्रीय कार्यक्रमों से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों हेतु अनुमोदन :–

पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियत्रंण कार्यक्रम के अर्न्तगत अनुमोदन हेतु निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये

1. जिला क्षय रोग चिकित्सालय की एक्सरे प्लेट माह फरवरी 2013 को खत्म हो गयी है। बलगम ऋणात्मक रोगियों को उपचाराधीन करने हेतु चेस्ट एक्सरे करना आवश्यक होता है। जिला क्षय नियन्त्रण केन्द्र के टी0बी0 सील के मद में रू0 24634/– की धनराशि शेष है। इस मद से एक्सरे प्लेट ली जा सकती है । उपरोक्त मद से क्रय करने हेतु प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया ।
2. पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियन्त्रण कार्यक्रम में वर्ष 2012–13 में पीओएल एण्ड व्हीकल मेंन्टिनेंस मद में प्राप्त धनराशि रू0 1,98,894/– में से रू0 20,486 धनराशि शेष है। कार्यक्रम के हित में भ्रमण कार्य अत्यन्त आवश्यक है। अतः उक्त धनराशि को नियमानुसार व्यय करने हेतु प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया ।
3. शासन द्वारा वर्ष 2012–13 में प्राप्त बजट रू0 37,04,165/- तथा बैंक व्याज रू0 40,383/- कुल रू0 37,44,548/- तथा वर्ष 2011–12 को 1 अप्रेल 2012 को शेष धनराशि बैंक व्याज सहित रू0 19,78,784/- इस वर्ष हेतु (वर्ष 2012–13) कुल बजट रू0 94,03,689/- की धनराशि व्यय हेतु उपलब्ध थी।इस धनराशि को शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिला स्वास्थ्य समिति की अनुमति उपरान्त पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियन्त्रण कार्यक्रम के अर्न्तगत 31 मार्च 2013 तक

धनराशि रू0 73,13,380/- व्यय की गयी है। शेष धनराशि रू0 20,90,309/- को नियमानुसार व्यय करने हेतु प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया ।

समिति व्दारा उपरोक्तानुसार प्रस्तावो का शासन से प्राप्त दिशा निर्देशो के अनुसार नियमानुसार व्यय का अनुमोदन प्रदान किया गया ।

19.जिला चिकित्सालय झॉसी से सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों हेतु अनुमोदन :–

1– प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय झॉसी व्दारा समिति के समक्ष वाहृय/आन्तरिक साफ सफाई एवं सफाई उपकरण ,धुलाई कार्य हेतु निविदा आमान्त्रित किये जाने का प्रस्ताव प्ररतुत किया गया समिति व्दारा निर्देशित किया गया कि प्रमुख अधीक्षक उपरोक्त कार्य हेतु निविदा आमान्त्रित कर ले परन्तु मिशन निदेशक राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/नियोजन /29/2012–13/3441 दिनाक 8–3–2013 के व्दारा प्राप्त निर्देश के अनुसार कार्य आदेश अग्रिम आदेश प्राप्त होने के उपरान्त ही जारी किये जाये ।

2–नव सृर्जित नेत्र विभाग एवं रक्त कोष/पैथालोजी विभाग मे उपकरण आदि के रख–रखाव,औषधियो की आनलाइन डाटा फिडिग हेतु मानव संसाधन संविदा पर रखे जाने का प्ररताव प्रस्तुत किया गया परन्तु अध्यक्ष महोदय को डी0सी0एम0व्दारा अवंगत कराया गया कि संविदा पर मानव संसाधन के पद केवल शासन स्तर से अनुमति के उपरान्त ही रखा जाना सम्भव है।अत उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन जिला स्वास्थ्य समिति व्दारा सम्भव नही है ।समिति व्दारा निर्देशित किया गया कि जिला चिकित्सालय मे कार्यरत डाटा आपरेटर से उक्त कार्य कराया जाये ।

3–जनरेटर संचालन हेतु पी0ओ0एल0के व्यय हेतु प्रमुख अधीक्षक के प्रस्ताव के सन्दर्भ मे समिति व्दारा निर्देशित किया गया कि मिशन निदेशक के निर्देश के उपरान्त ही व्यय किया जाये ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी व्दारा बैठक के अन्त में धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
झॉसी

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला स्वास्थ्य समिति
झॉसी

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, झॉसी

पत्रांक : सी0एम0ओ0/डी0एच0एस0/बैठक/2013–14/ दिनांकः 3 ~~अप्रैल~~ 5 2013

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–मिशन निदेशक, एन0आर0एच0एम0,उ0प्र0 19ए विधान सभा मार्ग, विशाल काम्पलैक्स लखनऊ।

2–महानिदेशक परिवार कल्याण उ0प्र0 लखनऊ।

3–महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उ0प्र0 लखनऊ।

4–समस्त सदस्यगण जिला स्वास्थ्य समिति, झॉसी।

5–समस्त अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामु0/प्रा0स्वा0केन्द्र, झॉसी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
झांसी